भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4560

जिसका उत्तर 30 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।

9 चैत्र, 1944 (शक)

प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान का उद्देश्य

4560. श्री हाजी फजलुर रहमान:

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधान मंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजी-दिशा) के उद्देश्य क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा उक्त अभियान के अंतर्गत देश के ग्रामीणों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले दो वर्षों में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में उपरोक्त अभियान से लाभांवित हुए युवाओं की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क): कौशल विकास और कुशल प्रतिभा का सृजन यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मिशन है कि भारत तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था को अपेक्षित रूप से प्रशिक्षित और कुशल जनशक्ति प्रदान करती है। डिजिटल अंगीकरण हेतु और सहायता देते हुए, मंत्रालय ने देश भर के नागरिकों के लिए विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके अनुरूप, ग्रामीण भारत में डिजिटल साक्षरता की शुरुआत करने के लिए फरवरी 2017 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रधान मंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा) को मंजूरी दी गई थी।

पीएमजीदिशा योजना का मुख्य उद्देश्य 6 करोड़ ग्रामीण परिवारों (प्रति परिवार एक व्यक्ति) को शामिल करके डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि वे कंप्यूटर/डिजिटल अभिगम उपकरणो (जैसे टैबलेट, स्मार्टफोन, आदि) को संचालित करने ईमेल को प्राप्त करने और भेजने, इंटरनेट ब्राउज़ करने, सरकारी सेवाओं तक अभिगम करने, सूचनाओं की जांच करने, नकदी रहित लेनदेन करने आदि में सक्षम बन सकें और इस प्रकार राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आईटी का उपयोग कर सकें।

(ख): सरकार ने पीएमजीदिशा योजना के तहत देश के ग्रामीणों को सम्बद्ध करने लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं: -

i. अभियानों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, डिजिटल वैन आदि के माध्यम से डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूकता और प्रचार-प्रसार गतिविधियों को बढ़ाना।

ii. धीमी इंटरनेट सम्बद्धता के मुद्दों को दूर करने के लिए, दूरस्थ स्थानों पर वाईफाई-चौपाल स्थापित किए गए हैं।

iii. चिन्हित राज्यों के ग्रामीण आबादी वाले जिलों में प्रवेश के लिए ग्रामीण स्कूलों को उम्मीदवारों के प्रशिक्षण और परीक्षा के लिए संलग्न किया गया है

iv. माननीय सांसदों/विधायकों/जिला कलेक्टरों ने स्थानीय पीएमजीदिशा दल द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पीएमजीदिशा प्रमाण पत्र वितरित किए हैं।

v. ग्रामीण आबादी वाले जिलों को शामिल करने के लिए कुछ ग्रामीण स्कूलों को उम्मीदवारों के प्रशिक्षण और परीक्षा के लिए संलग्न किया गया है।

vi. योजना के बारे में इच्छित लाभार्थियों तक सूचना प्रसारित करने के लिए विभिन्न तंत्रों को अपनाया गया है जैसे बोलकर प्रचार-प्रसार, ऑनलाइन, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जिसमें पोस्टर, बैनर, रेडियो, समाचार पत्र, टेलीविजन, सोशल मीडिया आदि शामिल हैं।

(ग): पीएमजीदिशा योजना में 14-60 वर्ष के आयु वर्ग के उम्मीदवारों को शामिल किया गया है। अब तक, लगभग 5.66 करोड़ उम्मीदवारों का नामांकन किया गया है और 4.81 करोड़ उम्मीदवारों ने प्रशिक्षण पूरा किया है, जिनमें से 3.54 करोड़ उम्मीदवारों को योजना के तहत प्रमाणित किया जा चुका है।

*****